The code in the example above is the standard code used in both vertical, and horizontal navigation bars.

ऊपर दिए गए उदाहरण में कोड वर्टिकल, और हॉरीजेन्टल नेविगेशन बार दोनों में उपयोग किया जाने वाला स्टैन्डर्ड कोड है।

- **list-style-type: none;** - Removes the bullets. A navigation bar does not need list markers.
  list-style-type: none – यह बुलेट्स को हटा देता है। एक नेविगेशन बार को सूची मार्करों की आवश्यकता नहीं होती है।
- **Set margin: 0;** and **padding: 0;** to remove browser default settings.
  ब्राउजर डिफॉल्ट सेटिंग्स को हटाने के लिए margin: 0; और padding: 0; पर सेट करें।

Vertical Navigation Bar - वर्टिकल नेविगेशन बार::

To build a vertical navigation bar, you can style the <a> elements inside the list, in addition to the code above.

वर्टिकल नेविगेशन बार बनाने के लिए, आप ऊपर दिए गए कोड के अलावा, सूची के अंदर <a> एलीमेण्ट को स्टाइल कर सकते हैं।

Example 3:

```
li a {
  display: block;
  width: 100px;
}
```

- **display: block;** - Displaying the links as block elements makes the whole link area clickable (not just the text), and it allows us to specify the width (and padding, margin, height, etc. if you want).
  display: block; – लिंक को ब्लॉक एलिमेन्ट के रूप में प्रदर्शित करना पूरे लिंक एरिया को क्लिक करने योग्य बनाता है (न कि केवल टेक्स्ट), और यह हमें चौड़ाई स्पेशिफाई करने की सुविधा देता है (और यदि आप चाहें तो पैडिंग, मार्जिन, ऊंचाई, आदि भी)।

- **width: 100px;** - Block elements take up the full width available by default. We want to specify a 100 pixels width.
  width: 100px; – ब्लॉक एलिमेन्ट डिफॉल्ट रूप से उपलब्ध पूरी चौड़ाई लेते हैं। इससे हम 100 पिक्सेल की चौड़ाई स्पेशिफाई करना चाहते हैं।

Check in browser, this is how the menu looks so far.
ब्राउजर में चेक करे, मेन्यू अब आपको कुछ ऐसा दिखाई देगा।

h1 h2 h3 ¶p b i u span link img ul •li

```
1  <!DOCTYPE html>
2  <html>
3  <head>
4  <style>
5  ul { list-style-type: none; margin: 0; padding: 0; }
6  li a {
7    display: block;
8    width: 100px;
9    background-color: #f09d28;
10 }
11 </style>
12 </head>
13 <body>
14 <ul>
15   <h3>Non Profitable Movement, India</h3>
16   <li><a href="#home">Home</a></li>
17   <li><a href="#news">About</a></li>
18   <li><a href="#contact">Meditation</a></li>
19   <li><a href="#about">Gallery</a></li>
20   <li><a href="#about">Contact</a></li>
21 </ul>
22 </body>
23 </html>
```

PREVIEW

Non Profitable Movement, India

Home
About
Meditation
Gallery
Contact

You can also set the width of <ul>, and remove the width of <a>, as they will take up the full width available when displayed as block elements. This will produce the same result as our previous example.

आप <ul> की चौड़ाई भी सेट कर सकते हैं, और <a> की चौड़ाई को हटा सकते हैं, क्योंकि ये जब ब्लॉक एलीमेण्ट में प्रदर्शित होते है तो पूरी चौड़ाई को यूज करते है। यह हमारे पिछले उदाहरण के समान परिणाम देगा।

Example 4: Create a basic vertical navigation bar with a gray background color and change the background color of the links when the user moves the mouse over them.

ग्रे बैकग्राउंड कलर के साथ एक ऐसा बेसिक वर्टिकल नैविगेशन बार बनाएं और जब यूजर उनके ऊपर माउस ले जाएं तो लिंक का बैकग्राउंड कलर बदलें।

```
<!DOCTYPE html>
<html>
<head>
<style>
ul {
  list-style-type: none;
  margin: 0;
  padding: 0;
  width: 200px;
  background-color: #f1f1f1; }
li a {
  display: block;
  color: #000;
  padding: 8px 16px;
  text-decoration: none;
  background-color: #f09d28;}
/* Change the link color on hover */
li a:hover {
  background-color: #555;
  color: white; }
</style>
</head>
```

PREVIEW

Non Profitable Movement, India

Home
About
Meditation
Gallery
Contact

Active Navigation Link: Add an "active" class to the current link to let the user know on which page he is accessing.

ऐक्टिव नेविगेशन लिंक: एक्टिव क्लास को अपने करेंट लिंक के साथ एड करें जिससे यूजर यह जान सकेगा की वह अभी करेंट मे किस पेज पर है या वह अभी किस पेज को एक्सेस कर रखा है

Example 5: Here is the example of active link status. Put this code inside the style tag.

यहा एक्टिव लिंक स्टेटस का एक उदाहरण दिया गया है जिसे आप अपने कोड के स्टाइल टैग के अंदर लिखे

```
.active {
 background-color: #2BE40;
 color: blue; }
```

Using Border property in Navigation: Use **text-align: center** to <li> or <a> to center the links and add the border property to <ul> add a border around the navigation bar. If you also want borders inside the navigation bar, add a **border-bottom** to all <li> elements, except for the last one.

नेविगेशन में बॉर्डर प्रॉपर्टी का उपयोग करना: लिंक को सेंटर करने और बॉर्डर प्रॉपर्टी को में जोड़ने के लिए **text-align: center** को या <a> के साथ उपयोग करें और नेविगेशन बार के चारों ओर एक बॉर्डर जोड़ें। यदि आप भी नेविगेशन बार के अंदर बॉर्डर चाहते हैं, तो पिछले एक को छोड़कर सभी एलीमेण्ट के लिए एक **border-bottom** जोड़ें।

Example 6: The following code shows the border property in navigation bar.

नीचे दिया गया कोड नेविगेशन बार मे बार्डर प्रॉपर्टी को शो करता है।

```
<html>
<head>
<style>
  ul {
     border: 1px solid #555;

  }
  li {
     text-align: center;
     border-bottom: 1px solid #555;

  }
  li:last-child {
     border-bottom: none;

  }
```



Example 7: Create Fixed Full-height Side Navigation bar.

उदाहरण 7: फिक्स्ड फुल–हाइट साइड नेविगेशन बार बनाएं।

```
<!DOCTYPE HTML>
<html>
<head>
   <title>Example shows </title>
   <style>
body {
        margin:0px;
     }
ul{
    list-style-type:none;
    margin: 0px;
    padding: 0px;
    width: 25%;
    background-color:#f1f1f1;
    position: fixed;
    height: 100%;
    overflow: auto;
  }
li a{
      display: block;
      color: #000;
      padding: 8px 16px;
      text-decoration: none;
    }
li a.active{
            background-color:#f09d28;
            color:white;
          }
li a:hover:not(.active){
                        background-color:#555;
                        color:white;
                      }
</style>
</head>
<body>
    <h2 style="text-align:center;"> Welcome to T Balaji Publication</h2>
    <ul>
        <li><a class="active" href="#home">Home</a></li>
        <li><a href="#about">About</a></li>
        <li><a href="#meditation">Meditation</a></li>
        <li><a href="#gallery">Gallery</a></li>
        <li><a href="#contact">Contact</a></li>
    </ul>
    <div style="margin-left:25%; padding:1px 16px; height:1000px;">
        <h2>This is my Own Earth</h2>
        <h4>The happiness of your life depends upon the quality of your thoughts:
            therefore, guard accordingly, and take care that you entertain no notions
            unsuitable to virtue and reasonable nature.</h4>
        <p>I am not a Handsome guy, but I can give my hand-to-some one who needs help.
            <br>by- APJ Abdul Kalam</p>
    </div>
</body>
</html>
```

Output: The output of the above code is given below.

उपरोक्त कोड का आउटपुट नीचे दिया गया है।



Try to scroll this area, and see how the side navigation bar sticks to the page. Notice that this div element has a left margin of 25%. This is because the side navigation is set to 25% width. If you remove the margin, the side navigation bar will overlay/sit on top of this div. Also notice that we have set **overflow:auto** to side navigation bar. This will add a scrollbar when the side navigation bar is too long (for example if it has over 50 links inside of it).

इस एरिये को स्क्रॉल करने का प्रयास करें, और देखें कि पेज पर साइड नेविगेशन बार कैसे चिपक (स्टिक्स) जाता है। ध्यान दें कि इस div एलिमेंट का लेफ्ट मार्जिन 25% है। ऐसा इसलिए है क्योंकि साइड नेविगेशन 25% चौड़ाई पर सेट है। यदि आप मार्जिन हटाते हैं, तो साइड नेविगेशन बार इस div के ऊपर आ जाएगा। यह भी ध्यान दें कि हमने साइड नेविगेशन बार पर ओवरफ्लो को ऑटो सेट किया है: जैसे– **overflow:auto**। यह स्क्रॉलबार तब जोड़ेगा जब साइड नेविगेशन बार बहुत लंबा हो। (उदाहरण के लिए यदि इसके अंदर 50 से अधिक लिंक हो)।

Example 8: Create a basic horizontal navigation bar with a dark background color and change the background color of the links when the user moves the mouse over them. Add an "active" class to the current link to let the user know which page he/she is on.

उदाहरण 8: एक गहरे रंग के बैकग्राउंड के साथ एक बेसिक हॉरिज़ॉन्टल नेविगेशन बार बनाएं और जब यूजर उनके ऊपर माउस ले जाए तो लिंक का बैकग्राउंड कलर बदल दें। वर्तमान लिंक के लिए एक ''एक्टिव'' क्लास जोड़ें ताकि उपयोगकर्ता यह जान सके कि वह किस पेज पर है।

h1 h2 h3 ¶p b i u span link img ul •li

```
1  <!DOCTYPE html>
2  <html>
3  <head>
4  <style>
5  ul {  list-style-type: none;  margin: 0;  padding: 0;
6        overflow: hidden;  background-color: #159; }
7  li {   float: left; }
8  li a { display: block;  color: white; text-align: center;
9        padding: 14px 16px;
10       text-decoration: none; }
11 li a:hover:not(.active) {
12       background-color: #999; }
13 .active {  background-color: #4CAF50; }
14 </style>
15 </head>
16 <body>
17  <h3>Non Profitable Movement, India</h3>
18 <ul>
19  <li><a class="active" href="#home">Home</a></li>
20  <li><a href="#news">About</a></li>
21  <li><a href="#contact">Meditation</a></li>
22  <li><a href="#about">Gallery</a></li>
23  <li><a href="#about">Contact</a></li>
24 </ul>
25 </body>
26 </html>
```

PREVIEW



Example 9: In the above example add below properties.
उपरोक्त उदाहरण में नीचे की प्रॉपर्टीज जोड़ें।

- Add the border-right property to <li> to create link dividers.
  लिंक डिवाइडर बनाने के लिए बॉर्डर–राइट प्रॉपर्टी को में जोड़ें।
- Right-align links by floating the list items to the right (float:right;).
  लिस्ट आइटम्स को दाईं ओर फ्लोट करके लिंक को राइट–एलाइन करे, (float:right;)।

Adding the border-right property to <li>: <li> में border-right प्रॉपर्टी जोड़ना:

```
/* Add a gray right border to all list items, except the last item (last-child) */
li {
  border-right: 3px solid #baa;
  }
li:last-child
  {
  border-right: none;
  }
```

Right-align links by floating the list items to the right:

लिस्ट आइटम्स को दाईं ओर फ्लोट करके लिंक को राइट–एलाइन करे,

```
<ul>
 <li><a class="active" href="#home">Home</a></li>
 <li><a href="#news">About</a></li>
 <li><a href="#contact">Meditation</a></li>
 <li><a href="#about">Gallery</a></li>
 <li style="float:right"><a class="active" href="#about">Contact</a></li>
</ul>
```

Check in browser, this is how the menu looks so far.

ब्राउजर में चेक करे, यह मेन्यू कैसे दिखता है।



Example 10: Here all together in one example, let us see step by step.
यहां सभी स्टेप बाइ स्टेप एक साथ एक उदाहरण में दिए गए है।

Step 1: Create the basic HTML structure of the menu.

मेन्यू की बेसिक एचटीएमएल स्ट्रक्चर बनाएं।



A menu consists of an unordered list, and each list item contains a link with the text.
एक मेन्यू में एक अनआर्डेड लिस्ट होती है, और प्रत्येक लिस्ट आइटम में टेक्स्ट के साथ एक लिंक होता है।

Step 2: Add a sub menu simply nest another unordered list inside the item that's going to have the sub menu.

एक सबमेन्यू जोड़ें, सबमेन्यू में बस उस आइटम के अंदर एक और अनआर्डेड लिस्ट को नेस्टेड कर दें।

h1 h2 h3 ¶p b i u span link img ul •li

```
1  <!doctype html>
2  <html>
3  <body>
4  <ul id="Menu">
5  <li><a href="#">Home</a></li>
6  <li><a href="#">About</a></li>
7  <li><a href="#">Meditation</a></li>
8     <ul>
9           <li><a href="#">Students</a></li>
10          <li><a href="#">Womens</a></li>
11          <li><a href="#">Villagers</a></li>
12        </ul>
13 <li><a href="#">Photo Gallary</a></li>
14 <li><a href="#">Contact</a></li>
15 </ul>
16 </body>
17 </html>
```

PREVIEW

- Home
- About
- Meditation
  - Students
  - Womens
  - Villagers
- Photo Gallary
- Contact

As you can see, creating the structure is very simple.

जैसा कि आप देख सकते हैं, स्ट्रक्चर बनाना बहुत सरल है।

Step 3: There are multiple ways to set up the CSS for a horizontal menu. This is the quickest and nice way to do it. We decided to float the whole menu to contain it but you can use overflow hidden or even set a fixed width for the same purpose. It is important to float the list elements rather than the links. The links should be displayed as blocks, otherwise, they won't behave as expected.

चरण 3: सीएसएस को हॉरिजेन्टल मेन्यू के लिए सेट करने के कई तरीके हैं। यह इसे करने का सबसे तेज और सही तरीका है। हमने इसे शामिल करने के लिए पूरे मेन्यू को फ्लोट करने का फैसला किया, लेकिन आप एक ही उद्देश्य के लिए हिडेन या ओवरफ्लो का उपयोग कर सकते हैं या एक निश्चित चौड़ाई भी सेट कर सकते हैं। लिंक के बजाय सूची एलीमेण्ट को फ्लोट करना महत्वपूर्ण है। लिंक को ब्लॉक के रूप में प्रदर्शित किया जाना चाहिए, अन्यथा, वे अपेक्षित रूप से व्यवहार नहीं करते हैं।

```
#coolMenu,
#coolMenu ul{
      list-style: none;
}
#coolMenu  {
      float: left;
}
#coolMenu > li {
      float: left;
}
```

Step 4: Set a height for the link elements and the line-height equal to the height to center the text vertically. By specifying a fixed height instead of just using padding.

लिंक एलिमेण्ट के लिए एक हाईट सेट करें और टेक्स्ट को वर्टिकली रूप से सेन्टर करने के लिए हाईट के बराबर लाईन-हाईट निर्धारित करें। केवल पैडिंग यूज करने की जगह फिक्स्ड हाइट को स्पेसिफाई करके।

```
#coolMenu li a {
    display: block;
    height: 3em;
    line-height: 3em;
    padding: 0 1.4em;
    text-decoration: none;
}
```

Step 5: Give Absolute position the submenu and hide it to remove it from the regular flow and make it invisible. Also, set a high z-index to prevent the submenu from showing behind other elements.

सबमेन्यू को Absolute position दें और इसे रेगुलर फ्लो से हटाने और इसे अदृश्य बनाने के लिए इसको छिपाएं। इसके अलावा, सबमेन्यू को अन्य एलीमेण्ट के पीछे दिखाने से रोकने के लिए एक उच्च z-index सेट करें।

```
#coolMenu ul {
    position: absolute;
    display: none;
    z-index: 999;
}
```

Step 6: Even through it's not necessary to set a fixed width for the submenu items, it's always a good practice. It allows you to style them more consistently later on.

भले ही यह सबमेन्यू आइटम्स के लिए एक निश्चित चौड़ाई निर्धारित करने के लिए आवश्यक नहीं है, परन्तु इसका प्रयोग हमेशा अच्छा माना जाता है। यह आपको बाद में लगातार उन्हें स्टाइल करने की सुविधा देता है।

```
#coolMenu ul li a {
    width: 72px;
}
```

Step 7: Notice that the hover state is set on the list element and not the link.

ध्यान दें कि hover state सूची एलीमेण्ट पर सेट है न कि लिंक पर।

```
#coolMenu li:hover ul {
    display: block;
}
```

Step 8: With all this set, the menu should be already working. Try opening it in your browser and hovering over the third option to show the sub menu.

इस सभी सेट के साथ, मेन्यू को पहले से ही काम करना चाहिए। अपने ब्राउजर में इसे खोलने का प्रयास करें और सब मेन्यू दिखाने के लिए तीसरे विकल्प पर होवर करें अर्थात माऊस को तीसरे लिंक पर ले जाएं।

```
3   <head>
4    <section>
5     <style>
6         #coolMenu,
7         #coolMenu ul {  list-style: none;}
8         #coolMenu { float: left;    }
9         #coolMenu > li { float: left; }
10        #coolMenu li a {
11            display: block;
12            height: 2em;
13            line-height: 2em;
14            padding: 0 1.5em;
15            text-decoration: none;
16        }
17        #coolMenu ul {
18            position: absolute;
19            display: none;
20            z-index: 999;
21        }
22        #coolMenu ul li a {
23            width: 80px;
24        }
25        #coolMenu li:hover ul {
26            display: block;
27        }
28    </style>
29   </section>
```

PREVIEW

Home About Us Meditation Gallery Contact

Student

Womens

Villagers

Step 9: With all this set, the menu should be already working. Try opening it in your browser and hovering over the third option to show the sub menu.

इस सभी सेट के साथ, मेन्यू को पहले से ही काम करना चाहिए। अपने ब्राउजर में इसे खोलने का प्रयास करें और सब मेन्यू दिखाने के लिए तीसरे विकल्प पर होवर करें।

Step 10: This step will cover how to style the menu with some basic CSS to make it more accessible. Add this code inside the style tag.

यह स्टेप यह कवर करेगा कि मेन्यू को कुछ बेसिक सीएसएस के साथ कैसे स्टाइल किया जाए ताकि यह अधिक एक्सेसिबल हो सके। इस कोड को स्टाईल टैग के अंदर निम्न प्रकार से जोड़ें।

```
/* Main menu
-----------------------------------------*/
#coolMenu {
    font-family: Arial;
    font-size: 13px;
    background: #3f7bc8;
}
#coolMenu > li > a {
    color: #fff;
    font-weight: bold;
}
#coolMenu > li:hover > a {
    background: #c08f38;
    color: #000;
}

/* Submenu
-----------------------------------------*/
#coolMenu ul {
    background: #f08c46;
}
#coolMenu ul li a {
    color: #000;
}
#coolMenu ul li:hover a {
    background: #fcc86f;
}
```

Step 11: Check in browser, this is how the menu looks so far.

ब्राउजर में चेक करे, यह मेन्यू अब कैसे दिखता है।



You can style this however you want. The important thing to remember here is, as I mentioned before that the hover states are styled in the list items and not the links.

आप इसे अपनी इच्छानुसार स्टाइल प्रदान कर सकते हैं। यहां याद रखने वाली महत्वपूर्ण बात है, जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है कि hover states को सूची आइटम में स्टाइल किया गया है न कि लिंक को।

4.11.9 CSS Image Gallery - सीएसएस इमेज गैलरी

An image gallery is an especially positive part of a website, as it can showcase photographs, pieces of art, and other visuals for whatever purpose you may need. This can work great for artists who want to display their art and photography, bloggers who want to share a few photos of something they reviewed, travelers who want to exhibit photos from a recent trip, or other similar purposes.

एक इमेज गैलरी किसी वेबसाइट का एक विशेष रूप से सकारात्मक हिस्सा होती है, क्योंकि इसमें तस्वीरों, कला, और अन्य दृश्यों को जो उद्देश्य की आवश्यकता हो, प्रदर्शित कर सकते हैं। यह उन कलाकारों के लिए बहुत अच्छा काम कर सकता है जो अपनी कला और फोटोग्राफी, ब्लॉगर प्रदर्शित करना चाहते हैं या फिर जो उन्होंने समीक्षा की हो उन चीजों की कुछ तस्वीरें साझा करना चाहते हैं, या फिर जो यात्री हाल की यात्रा या अन्य समान उद्देश्यों से फोटो प्रदर्शित करना चाहते हैं उन सभी के लिए ये उपयोगी हो सकता है।

This section covers how to make use of CSS to create a simple image gallery for your website. It's very simple, and all you need is a few snippets of code to set it all up! It can be done two ways: regular and responsive. If you are new to make websites, responsive means the gallery will adjust based on the computer or gadget that your viewers are using. For example, the gallery displays a grid consisting of 4 columns when viewed on a laptop, but only 1 column when viewed on a mobile device. We have a separate section for responsive web design, which includes media queries and sizing images responsively.

इससे यह पता चलता है कि अपनी वेबसाइट के लिए एक सरल इमेज गैलरी बनाने के लिए सीएसएस का उपयोग कैसे करें। यह बहुत ही सरल है, और आपको इसे सेट करने के लिए कोड के कुछ स्निपेट (हिस्से) की आवश्यकता है। इसे दो तरीकों से किया जा सकता है: रेगुलर और रिस्पान्सिव। यदि आप वेबसाइट बनाने के लिए नए हैं, तो यहां रिस्पान्सिव का मतलब यह है कि गैलरी कंप्यूटर या गैजेट के आधार पर एडजस्ट कर लेगी जो आपके दर्शक उपयोग कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, गैलरी लैपटॉप पर देखे जाने पर 4 कॉलम से युक्त ग्रिड प्रदर्शित करती है, लेकिन मोबाइल डिवाइस पर देखने पर यह केवल 1 कॉलम प्रदर्शित करती है। हमारे पास रिस्पान्सिव वेब डिजाइन के लिए एक अलग सेक्शन है, जिसमें मीडिया क्वेरी और रिस्पॉन्सिवली इमेजो को आकार देना शामिल है।

First, here is a sample of a basic image gallery that was created using CSS. The code used is as follows.

सबसे पहले, यहां एक बेसिक इमेज गैलरी का एक नमूना दिया गया है जो CSS का उपयोग करके बनाया गया था। उपयोग किया गया कोड निम्नानुसार है।

See the steps given below: नीचे दिए गए स्टेप्स को देखें–

Step 1: In the <body> part of the web page, you can then define each image, including where the images link to and what text goes in their descriptions, all within the element. In this basic example, clicking an image in the gallery opens a full version of that image in a new tab.

वेब पेज के <body> भाग में, आप प्रत्येक इमेज को डिफाईन कर सकते हैं, जिसमें इमेज लिंक और उनके विवरण में क्या टेक्स्ट जाता है यह सभी एलिमेन्ट के भीतर शामिल हैं। इस बेसिक उदाहरण में, गैलरी में एक इमेज पर क्लिक करने से एक नए टैब में उस इमेज का पूर्ण वर्जन खुल जाता है।

h1 h2 h3 ¶p b i u span link img ul •li

```
1  <body>
2  <div class="gallery">
3   <a target="_blank" href="bhutan monastry.jpg">
4   <img src="bhutan monastry.jpg" alt="bhutan monastry" width="600"
   height="400">  </a>
5   <div class="desc">Bhutan Monastry</div>
6  </div>
7  <div class="gallery">
8   <a target="_blank" href="Bhutan_archery.jpg">
9    <img src="Bhutan_archery.jpg" alt="Bhutan_archery" width="600"
   height="400">  </a>
10  <div class="desc"> Bhutan Archery </div>
11 </div>
12 <div class="gallery">
13  <a target="_blank" href="bhutan_gate.jpg">
14   <img src="bhutan_gate.jpg" alt="bhutan_gate" width="600"
   height="400">  </a>
15  <div class="desc"> Bhutan Gate</div>
16 </div>
17 <div class="gallery">
18  <a target="_blank" href="buddha statue.jpg">
19   <img src="buddha statue.jpg" alt="buddha statua" width="600"
   height="400">  </a>
20  <div class="desc"> Statue of the Buddha, Bhutan</div>
21 </div>
22 </body>
23 </html>
```

PREVIEW



Step 2: In the <style> section, which is found in the <head> of the web page, we defined the gallery's properties, including the images' margins, borders, widths, heights, and even what happens when a user hovers over them.

चरण 2: <style> सेक्शन में, जो वेब पेज के <head> में पाया जाता है, हमने गैलरी की प्रॉपर्टी को डिफाईन किया है, जिसमें इमेज का मार्जिन, बार्डर, चौड़ाई, हाईट शामिल हैं, और यहां तक कि यह भी डिफाइन है कि क्या होगा जब उपयोगकर्ता इस पर होवर का प्रयोग करेगा।

```
div.gallery {
  margin: 6px;
  border: 2px solid #fff;
  float: left;
  width: 170px;
}
div.gallery:hover {
  border: 2px solid #888;
```